nt>

Title: Need to provide financial assitance to the Government of Rajasthan to complete various "Ropeway" projects in Jaipur city.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान की राजधानी जयपुर के बारे में मेरा इतना ही निवेदन करना है कि वहां पर रोप-वे तथा प्रदर्शनी के लिए मैदान भी नहीं है। मैंने राजस्थान सरकार से प्रार्थना की है। उन्होंने मेरी प्रार्थना स्वीकार भी की है कि जयपुर में एक रोप-वे बनाया जाने वाला है। लेकिन राज्य सरकार के पास इतनी रकम नहीं है कि वह उस रोप-वे का निर्माण कर सके। इसलिए मेरी वित्त मंत्री जी से मांग है कि जयपुर जो कि राजस्थान की राजधानी है, वहां पर रोप-वे और प्रदर्शनी मैदान के लिए आप भी कुछ अनुदान राजस्थान को दे दें तो राजस्थान सरकार इसको पूरा कर सकेगी, यह मेरी आपसे प्रार्थना है। धन्य वाद।